आकाशवाणी केन्द्र शिमला
11.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों और पैंशनरों को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा की है। शिमला में आज एक पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने कहा कि इससे करीब एक लाख 80 हज़ार कर्मचारियों और लगभग एक लाख 70 हज़ार पैंशनरों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फैसले से सरकारी कोष पर 6 सौ करोड़ रूपये का भार पड़ेगा। उन्होंने कर्मचारियों और पैंशनरों के लंबित मैडिकल बिलों का तुरंत भुगतान करने का ऐलान भी किया। मुख्यमंत्री ने आगामी दीपावली त्यौहार को देखते हुए नवम्बर में दिए जाने वाले वेतन व पैशन का भुगतान इसी महीने की 28 तारीख को करने की घोषणा भी की।

जगत सिंह नेगी

बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर ज़िला प्रशासन को सर्दियों के दौरान होने वाली बर्फबारी के चलते सभी आवश्यक प्रबंध तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। रिकांगपिओ में एक बैठक में उन्होंने कहा कि ज़िले का काफी बड़ा भाग सर्दियों में बर्फबारी से प्रभावित रहता है जिसमें जानमाल के नुकसान की संभावनाएं भी रहती हैं। उन्होंने इन परिस्थितियों को देखते हुए सभी विभागों को आपसी तालमेल के साथ तैयार रहने के निर्देश दिए। इस बीच उन्होंने राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव के आयोजन को लेकर भी बैठक की। ये महोत्सव 30 अक्तूबर से 2 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा।

बधाई

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को दशहरा उत्सव की बधाई दी है। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक ये पर्व प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि दशहरा पर्व हमारे नैतिक मूल्यों और परंपराओं को मज़बूती प्रदान करता है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी दशहरा उत्सव के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

कुल्लू दशहरा

इस बीच कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव 13 से 19 अक्तूबर तक मनाया जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल उत्सव का शुभारंभ करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू समापन अवसर पर मौजूद रहेंगे। मुख्य संसदीय सचिव व कुल्लू दशहरा कमेटी के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने बताया कि इस बार उत्सव के लिए 3 सौ 32 देवी–देवताओं को निमंत्रण पत्र भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि दशहरा उत्सव के दौरान 25 देशों के सांस्कृतिक दल जहां अपनी प्रस्तुतियां देंगे, वहीं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। ज़िला प्रशासन द्वारा उत्सव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

निधन

प्रदेश के प्रसिद्ध शहनाई वादक सूरजमणि का निधन हो गया है। वे मंडी ज़िले के चच्योट क्षेत्र से संबंध रखते थे और उन्हें हिमाचल के बिस्मिला खां के नाम से जाना जाता था। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उनके निधन पर शोक जताते हुए कहा कि सूरजमणि ने देश–विदेश में अपनी कला का छाप छोड़ी है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि सूरजमणि के निधन से प्रदेश ने एक बड़ा कलाकार खोया है, जिसकी भरपाई असंभव है।

बालिका दिवस

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर आज देश सहित प्रदेश में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। ये दिवस लड़कियों की लैंगिक समानता, शिक्षा और अवसरों को महत्व को रेखांकित करता है। बालिका दिवस के अवसर पर चंबा में एक कार्यक्रम में विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि वर्तमान में बालिकाओं व महिलाओं के प्रति भेदभाव के खिलाफ जागरूकता बढ़ने से समाज में सार्थक परिणाम निकले हैं। धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि कांगड़ा ज़िले में लिंगानुपात के सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए ग्रामीण स्तर तक जागरूकता बढ़ाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिशन मोड़ में कार्य करने को कहा गया है। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सोलन में उपस्थित लोगों को बेटियों की सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

विनय कुमार

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार हिमाचल को खेल भूमि बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सिरमौर ज़िले में रेणुका क्षेत्र के कैंथघाट में आज एक मेले के समापन अवसर पर उन्होंने युवाओं से खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। विनय कुमार ने कहा कि मेलों के दौरान होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।

विजिलेंस

विजिलेंस विभाग की एक टीम ने आज चंबा के नगर परिषद कार्यालय में छापेमारी की है। अनियमितता से संबंधित एक शिकायत के बाद विभाग ने कार्यालय के रिकॉर्ड को खंगाल कर कागज़ात अपने कब्ज़े में ले लिए हैं।

....